एक दिन मेरे घर भी आवेगी

एक दिन मेरे घर भी आवेगी मां लाल चुनरिया वाली,
मां लाल चुनरिया वाली, मां ऊंचे मंदिरों वाली,
एक दिन मेरे घर भी आवेगी.....

प्यार मुझे देगी मां अपना,
पूरा होगा मेरा सपना,
मेरा सोया भाग्य जगाएगी, मां लाल चुनरिया वाली,
मां लाल चुनरिया वाली, मां ऊंचे मंदिरों वाली,
एक दिन मेरे घर भी आवेगी.....

जन्म जन्म की प्यास बुझाऊ,
जय माता की मुख से गाऊ,
चरणों में मुझे बिठाएगी, मां लाल चुनरिया वाली,
मां लाल चुनरिया वाली, मां ऊंचे मंदिरों वाली,
एक दिन मेरे घर भी आवेगी.....

जी भर के मैं करूंगी बतीयां,
साथ रहेंगी सारी सखियां,
वह बिगड़ी बात बनाएगी, मां लाल चुनरिया वाली,
मां लाल चुनरिया वाली, मां ऊंचे मंदिरों वाली,
एक दिन मेरे घर भी आवेगी.....

मेरी खाली झोली भर देगी,
दर्शन अपना मां दे देगी,
अंगना में लाल खिलाएगी, मां लाल चुनरिया वाली,
मां लाल चुनरिया वाली, मां ऊंचे मंदिरों वाली,
एक दिन मेरे घर भी आवेगी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/25711/title/ek-din-mere-ghar-bhi-aavegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |